ई, मेल :- dforudraprayag @gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 :– 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :- 1870 / 12-1(2) दिनांक 20/02/ /2018::

249/1644
22/02/18

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
रुद्रप्रयाग।

विषय :– **जनपद–रुद्रप्रयाग में भौंसाल चौण्ड से तिनसी तोक तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 0.1925 है0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को वन भूमि हस्तान्तरण के संबंध में।**
**Proposal No. - FP/UK/ROAD/14707/2015**

सन्दर्भ :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून का पत्रांक–2705/FP/UK/ROAD/14707/2015 दिनांक 03.02.2018।

भारत सरकार ने उनके पत्रांक–08बी/यू0सी0पी0/06/32/2016/एफ0सी0/1794 दिनांक 31.01.2018 के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की दी है। सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त अध्यारोपित शर्तों के अनुपालन में जमा की जाने वाली धनराशियों का डिमांड नोट निम्न प्रकार प्रेषित है।

(1) शर्त संख्या–1 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित परियोजना की वन भूमि में प्रभावित होने वाले 14 वृक्षों के दस गुना वृक्षों अर्थात् 14 X 10 = 140 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं दस वर्षों तक रखरखाव हेतु आवश्यक देय धनराशि प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–596/3–5–2 दिनांक 19.08.2015 में उल्लिखित वसूली वर्ष–2017–18 के लिये निर्धारित दर के अनुसार 140@1000=140000 (एक लाख, चालीस हजार) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

(2) शर्त संख्या–2 के अनुपालन में ऑनलाईन भरे गये प्रपत्र–भाग–2 के अनुसार प्रशनगत क्षेत्र इको क्लास–V के अन्तर्गत है तथा हरियाली का घनत्व 0.20 है। तद्नुसार भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र संख्या–5–3/2007–एफ0–सी0 दिनांक 05.02.2009 में उल्लिखित दरों के अनुसार रुपये 0.1925 ha. @ 657000.00/ha.=1,26,473.00 (एक लाख, छब्बीस हजार, चार सौ तिहत्तर) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

अतः उपरोक्तानुसार आंकलित की गई धनराशियों का अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून कार्यालय से सत्यापित होने के पश्चात् ही धनराशियों को नियमानुसार जमा करना सुनिश्चित करें।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या– /दिनांकित।

**प्रतिलिपि** :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून को उनके उक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग

Sri Nautiyal
21/2